**दिनांक: 31-08-2023**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गागलहेडी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 31.08.2023 को उ0नि0 श्री शाहनवाज अहमद, का0 2515 मोहित गौतम व का0 2496 अनिल कुमार द्वारा वांछित अभियुक्त **सागर पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम उग्राहू थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर** को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त थाना गागलहेडी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 158/23 धारा 376,323,506 भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट मे वांछित चल रहा था। अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही करते हुए मा0 न्या0 के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार किये गये अभियुक्तः-

सागर पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम उग्राहू थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

(1) उ0नि0 श्री शाहनवाज अहमद थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर
(2) का0 2496 अनिल कुमार थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर
(3) का0 2515 मोहित गौतम थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर

दिनांक: 31-08-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नकुड़, सहारनपुर पुलिस द्वारा हत्या के 03 वाँछित अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार, अभियुक्तो की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का पाईपनुमा रोड बरामद ।

अवगत कराना है कि दिनांक 27.08.2023 को वादी श्री विनोद कुमार पुत्र नकलीराम निवासी ग्राम सहसपुर जट थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर की तहरीरी सूचना बावत अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर वादी के पुत्र अजय कुमार उम्र करीब 19 वर्ष की लात घुसो, डंडो व लोहे की रोड से पीट-पीट कर हत्या कर देने व वादी के पुत्र के साथी सोएब तेली पुत्र इमरान तेली निवासी ग्राम सहसपुर जट थाना नकुड स0पुर द्वारा बचाने पर सोएब को जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 318/23 धारा 147/ 148 / 506 / 302 / 34 भा0द0वि0 बनाम 1.अजय पुत्र विरेन्द्र 2. विशाल पुत्र अशोक शर्मा निवासीगण ग्राम नानूवाला थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर 3.सूरज पुत्र रणवीर 4.शेखर पुत्र बिजेन्द्र निवासीगण ग्राम बाधी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर 5.तनवीर सैनी पुत्र नामालूम निवासी ग्राम भूरीबांस थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में दिनांक 26.08.23 को अभियुक्तगण 1.अजय पुत्र विरेन्द्र 2. विशाल पुत्र अशोक शर्मा निवासीगण ग्राम नानूवाला थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए मुकदमा उपरोक्त की घटना में संलिप्त अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गये, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक नकुड़ के कुशल नेतृत्व मे थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा दिनांक 28.08.2023 को 02 अभियुक्तो- **1.अजय पुत्र विरेन्द्र 2. विशाल पुत्र अशोक शर्मा निवासीगण ग्राम नानूवाला थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आज दिनांक 31/08/23 को मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 318/23 धारा 147/ 148 / 506 / 302 / 34 भा0द0वि0 में नामित व वांछित अभियुक्तगण- **1.सूरज पुत्र रणवीर 2. शेखर पुत्र बिजेन्द्र निवासीगण ग्राम बाधी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर 3.तनवीर सैनी पुत्र सुरेश निवासी ग्राम भूरीबांस थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर** को शमशान घाट तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त सूरज उपरोक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे के पाईपनुमा रोड बरामद हुई। अभियुक्तगण का पूर्व में कोई अपराधिक इतिहास नही है। अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-

1.सूरज पुत्र रणवीर निवासी ग्राम बाधी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
2. शेखर पुत्र बिजेन्द्र निवासी ग्राम बाधी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
3. तनवीर सैनी पुत्र सुरेश निवासी ग्राम भूरीबांस थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर

### घटनास्थल से बरामदगी का विवरण –

लोहे के पाईपनुमा रोड जिसकी कुल लम्बाई 4 बालिस्त

### अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ट थाना नकुड जनपद सहारनपुर
2. व0उ0नि0 श्री राजकुमार थाना नकुड जनपद सहारनपुर
3. है0का0 515 राहुल कुमार थाना नकुड जनपद सहारनपुर
4. है0का0 558 सन्दीप कुमार थाना नकुड जनपद सहारनपुर

दिनांकः- 31.08.2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा, सहारनपुर पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट के वाछिंत अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण व वारण्टी/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुबे सिह के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार थाना सरसावा द्वारा मय हमराह फोर्स के थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 252/2023 धारा 363 भादवि व 16/17 पोक्सो एक्ट व 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त जुबैर पुत्र अय्यूब उर्फ सोनू निवासी ग्राम नसीरपुरा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त जुबैर उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

जुबैर ( शिक्षा – कक्षा 05 ) पुत्र अय्यूब उर्फ सोनू निवासी ग्राम नसीरपुरा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तः-**

मु0अ0सं0-252/23, धारा 363,376 भादवि, 3/4 पोक्सो एक्ट,3(2)5क एससी/एसटी एक्ट थाना सरसावा स0पुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार थाना सरसावा सहारनपुर

2.है0कां0 886 रोहित कुमार, थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

3.है0का0 735 सूरज कुमार,थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

**दिनांकः 31-08-2023**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब का कारोबार करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 39 पव्वे फ्रूटी देशी शराब बरामद।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे जनपद मे अवैध शराब का कारोबर करने वाले अपराधियों पर की जा रही लगातार कार्यवाही के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी श्री चन्द्रसैनी सैनी के कुशल नेतृत्व मे थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 31.08.2023 को चैकिंग के दौरान अवैध शराब का कारोबार करने वाले 01 अभियुक्त **सुमित पुत्र बालेश निवासी कुमारहेडा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर** को पशु पैठ के पास से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 39 पव्वे फ्रूटी देशी शराब बरामद की गयी। बरामदगी के सम्बन्ध मे अभियुक्त सुमित उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0स0 250/23 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पकडे गये अभियुक्त सुमित उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि मै शराब पीने का आदि हूँ मै शराब खरीदकर चोरी छिपे अधिक दामो पर बेचकर अपना खर्चा निकाल लेता हूँ। आज जो शराब मुझसे बरामद हुई है, मै उसे बेचने जा रहा था कि पुलिस ने मुझे पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

सुमित पुत्र बालेश निवासी कुमारहेडा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

39 पव्वे फ्रूटी रसभरी देशी शराब **(सम्बन्धित मु0अ0स0 250/23 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना कुतुबशेर)**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रसैन सैनी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर

2.उ0नि0 अजब सिंह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर

3.है0का0 847 धर्मेन्द्र थाना कुतुबशेर सहारनपुर

4.का0 1913 राजन थाना कुतुबशेर सहारनपुर

दिनांकः 31-08-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 नाजायज चाकू के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियुक्तगण की धर पकड के अभियान के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 01 अभियुक्त **इरफान पुत्र मसूद निवासी ग्राम संसारपुर,खिडका भटकावा, थाना बेहट जनपद सहारनपुर** को चैकिंग के दौरान 01 नाजायज चाकू के साथ मण्डी समिति परिसर के पास से गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के सम्बन्ध मे अभियुक्त इरफान उपरोक्त के विरूद्ध थाना मण्डी पर मु0अ0स0 272/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त इरफान उपरोक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया है कि मैं पढा लिखा नही हूँ तथा लोगो को डराने व अपना रोब दिखाने के लिए अपने पास चाकू रखता हूँ ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

इरफान पुत्र मसूद निवासी ग्राम संसारपुर,खिडका भटकावा, थाना बेहट जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

01 नाजायज चाकू

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0- 239/19 धारा 380/411 भादवि थाना बेहट जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टीः-**

1. उ0नि0 सोनू राणा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
2. है0का0 854 अमित कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
3. का0 1983 शमशेर अली थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी पुलिस द्वारा चरस की तस्करी करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 290 ग्राम अवैध चरस बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व नशे की तस्करी करने वालों अपराधियों की धरपकड़/गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त राशिद उर्फ चीता पुत्र अकबर निवासी पीर वाली गली न0- 04 थाना मण्डी जनपद सहारनपुर को पीर वाली गली 04 थाना मण्डी जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 273/23 धारा 8/20 NDPS Act बनाम राशिद उपरोक्त पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अभियुक्त राशिद उर्फ चीता ने पूछने पर बताया कि साहब मै यह चरस हरियाणा से बेचने के लिए लेकर आता हूँ तथा यहाँ पर अधिक रूपयो में बेचकर मुनाफा कमा लेता हूँ।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

- राशिद उर्फ चीता पुत्र अकबर निवासी पीर वाली गली न0- 04 थाना मण्डी जनपद सहारनपुर उम्र 32 वर्ष।

### बरामदगी का विवरण-

- 290 ग्राम अवैध चरस

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टीः–

1. उ0नि0 श्री सोनू राणा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
2. है0कां0 02 कमल कौशिक थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
3. है0कां0 100 राहुल त्यागी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

### अभियुक्त राशिद उर्फ चीता का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 103/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0सं0- 158/18 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर
3. मु0अ0सं0- 348/21 धारा 379/411 भादवि थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर
4. मु0अ0सं0- 50/17 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर
5. मु0अ0सं0- 169/20 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर
6. मु0अ0सं0- 251/20 धारा 8/20 NDPS Act थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
7. मु0अ0सं0- 349/15 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
8. मु0अ0सं0- 354/17 धारा 379/511 भादवि थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
9. मु0अ0सं0- 423/15 धारा 379/411 भादवि थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
10. मु0अ0सं0- 684/19 धारा 379/411 भादवि थाना मण्डी जनपद सहारनपुर